विधान सभा सचिवालय
उत्तर प्रदेश
(पटल कार्यालय)

संख्या:184/वि0स0/प0का0/15(प)/2023 टी.सी.
लखनऊ, दिनांक: 15 जून, 2024

अधिसूचना
प्रकीर्ण

चूँकि, श्री प्रवीण पटेल, उत्तर प्रदेश विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-256, फूलपुर, जिला-प्रयागराज से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं;

और, चूँकि श्री प्रवीण पटेल द्वारा अपने उक्त निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान सभा की सदस्यता से दिनांक 15 जून, 2024 के पूर्वाह्न से त्याग-पत्र दे दिया गया है जिसे माननीय अध्यक्ष, विधान सभा, उत्तर प्रदेश द्वारा ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 190 के खण्ड (3) के उपखण्ड (ख) के अन्तर्गत दिनांक 15 जून, 2024 के पूर्वाह्न से स्वीकार कर लिया गया है;

अतः एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा में श्री प्रवीण पटेल का उक्त स्थान दिनांक 15 जून, 2024 के पूर्वाह्न से रिक्त हो गया है।

आज्ञा से,

(प्रदीप कुमार दुबे)
प्रमुख सचिव।

संख्या: (1)/वि0स0/प0का0/15(प)/2023 टी.सी., तद्दिनांकित

प्रतिलिपि उप निदेशक, राजकीय शाखा मुद्रणालय, हजरतगंज, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया उक्त अधिसूचना को उक्त दिनांक के सरकारी असाधारण गजट में प्रकाशित करने एवं उसकी 15 प्रतियां इस सचिवालय को अविलम्ब भिजवाने का कष्ट करें।

(मोहम्मद मुशाहिद)
विशेष सचिव।

संख्या: (1)/वि0स0/प0का0/15(प)/2023 टी.सी., तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित:-

1. श्री राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव को श्री राज्यपाल की सूचनार्थ,
2. श्री प्रवीण पटेल, ग्राम-अन्दावां, पो0-सराय इनायत, जनपद-प्रयागराज, उ0प्र0।

.........2

3. उत्तर प्रदेश विधान सभा के समस्त सदस्यगण,
4. जिलाधिकारी, जनपद-प्रयागराज,
5. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश,
6. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज,
7. सरकारी सचिवालय के समस्त विभाग,
8. विधान सभा सचिवालय के समस्त अधिकारीगण तथा अनुभाग।

(मोहम्मद मुशाहिद)
विशेष सचिव।

संख्याः (2)/वि0स0/प0का0/15(प)/2023 टी.सी., तद्दिनांकित

प्रतिलिपि सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, अशोक रोड, नई दिल्ली (फैक्स सं0 011-2305 2007) को उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम 279(6) एवं (7) के अन्तर्गत सूचनार्थ प्रेषित।

(मोहम्मद मुशाहिद)
विशेष सचिव।